-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 05.11.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **आगामी त्यौहारों के सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाया जा रहा सघन चेकिंग अभियान।**
- **सभी प्रमुख बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा लगातार पैदल गश्त, रूट मार्च के साथ सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से भी रखी जा रही सुरक्षा व्यवस्था पर नजर।**
- **सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक, भड़काऊ एवं अफवाह फैलाने वाली खबरों/पोस्टों पर पुलिस द्वारा रखी जा रही लगातार निगरानी व सतर्क दृष्टि।**

विवरण- जनपद में आगामी त्यौहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए व्यापक स्तर पर पुलिस बल तैनात कर लगातार निगरानी एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम में सभी थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, संवेदनशील स्थलों, धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों एवं प्रमुख चौराहों पर पुलिस टीमों द्वारा लगातार पैदल गश्त एवं रूट मार्च किया जा रहा है। साथ ही सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन के माध्यम से भी सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी जा रही है।

सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में की जा रही प्रमुख कार्यवाहियां निम्नवत हैं—

1. पैदल गश्त एवं रूट मार्च: जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, मुख्य मार्गों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित रूप से पैदल गश्त एवं रूट मार्च किया जा रहा है।

2. सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन से निगरानी: मुख्य बाजारों, प्रमुख चौराहों एवं अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी की जा रही है। जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल नजर रखी जा सके।

3. महिला सुरक्षा हेतु विशेष व्यवस्था: महिलाओं द्वारा खरीदारी किए जाने वाले प्रमुख बाजारों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सादे वस्त्रों में महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। महिला पुलिसकर्मियों द्वारा संदिग्ध गतिविधियों एवं महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ अथवा अन्य असामाजिक गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

4. यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु विशेष प्रबंध: त्यौहारों के दौरान बाजारों एवं प्रमुख मार्गों पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिसकर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। पुलिसकर्मियों द्वारा यातायात का सुचारु संचालन, जाम की स्थिति से निपटने, पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित रखने तथा आमजन को आवागमन में होने वाली असुविधा से बचाने के लिए यातायात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

5. संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग: प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं संवेदनशील स्थानों पर पुलिस टीमों द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन जांच की जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके तथा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सके।

6. सभी कस्बों एवं बाजारों में लगातार निगरानी: जनपद के प्रमुख नगरों के साथ-साथ अन्य सभी कस्बों, छोटे-बड़े बाजारों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस द्वारा निरंतर गश्त एवं निगरानी की जा रही है। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का नियमित निरीक्षण करने तथा पुलिस बल की सक्रियता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

7. संवेदनशील एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सतर्कता: धार्मिक स्थलों, पूजा स्थलों, सार्वजनिक आयोजनों एवं अधिक भीड़ एकत्रित होने वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

8. सोशल मीडिया एवं अफवाहों पर निगरानी: सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक, भड़काऊ एवं अफवाह फैलाने वाली पोस्टों पर निगरानी रखी जा रही है। आमजन से अपील है कि किसी भी अपुष्ट खबर, अफवाह अथवा भ्रामक संदेश को आगे प्रसारित न करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

9. पुलिस अधिकारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण: समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर पुलिस ड्यूटी, गश्त एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया जा रहा हैं तथा पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता, जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए हैं।

10. आमजन से सहयोग की अपील: जनपद पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि आगामी त्यौहारों को आपसी भाईचारे, प्रेम, सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, संदिग्ध व्यक्ति अथवा वस्तु दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें तथा शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

जनपद पुलिस का उद्देश्य आगामी त्यौहारों को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराना तथा प्रत्येक नागरिक को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है। जनपद पुलिस कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।